Hindi

# अपने **COVID-19** परीक्षण के परिणाम कैसे प्राप्त करें

आप अपना COVID-19 जाँच का परिणाम तीन तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

1. व्यक्तिगत क्यूआर (QR) कोड के माध्यम से
2. रिजल्ट्स् पोर्टल के माध्यम से
3. आपके मोबाइल फ़ोन पर भेजे गए एक SMS संदेश के माध्यम से

**अपने परीक्षण के बाद, आपको अपने परिणाम प्राप्त होने तक स्वयं-एकांतवास करने की आवश्यकता होगी।**

- सीधे घर जाएँ और NSW हेल्थ द्वारा अन्यथा सलाह दिए जाने तक स्वयं-एकांतवास करें।
- अपना परिणाम प्राप्त होने तक घर पर रहें, भले ही आप बीमार न हों।
- अधिकांश लोगों को अपने परिणाम 24 घंटे के भीतर प्राप्त हो जाते हैं।

**विकल्प 1: वैयक्तिकृत QR कोड 1:**

यदि आपको जाँच के दौरान एक फ़्लायर दिया गया था जिसमें एक व्यक्तिगत QR कोड था (आपके नाम और इसके तहत जन्म तिथि के साथ), तो कृपया उस QR कोड को अपने मोबाइल फ़ोन के कैमरे से स्कैन करें और भेजें(send) दबाएँ।

इस QR कोड में आपकी व्यक्तिगत जानकारी होती है। इसका प्रयोग कोई और नहीं कर सकता।

**विकल्प 2: ऑनलाइन परिणाम पोर्टल(Results Portal )**

- वेबसाइट https://my.pathology.health.nsw.gov.au पर जाएँ
- आपको अपना मोबाइल फ़ोन नंबर दर्ज करने के लिए कहा जाएगा और फिर नीले बटन पर क्लिक करें। ध्यान दें कि देश कोड +61 बताया गया है जो ऑस्ट्रेलिया के लिए है। यदि आप एक अंतरराष्ट्रीय फ़ोन का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको देश कोड को +61 से उस देश के कोड में बदलना होगा जो आपका फ़ोन उपयोग कर रहा है।
- आपको आपके मोबाइल फ़ोन पर एक कोड भेजा जाएगा। इस कोड को वेबसाइट पर दर्ज करें जहां यह 'पासकोड' कहता है और फिर नीले बटन पर क्लिक करें।

नोट: यदि आप पहली बार ऑनलाइन परिणाम पोर्टल पर गए हैं, तो आपको कुछ अतिरिक्त जानकारी दर्ज करनी होगी:

- 'परिणाम देखें' पर क्लिक करें और आपको दर्ज करना होगा:
  - आपका पहला नाम
  - आपका अंतिम नाम
  - आपकी जन्म तिथि
  - आपके घर का पिन कोड
  - आपका लिंग - उदाहरण के लिए, पुरुष या महिला या अन्य
  - संग्रह की तारीख - यह वह तारीख है जब आपने अपना परीक्षण करवाया था
  - आपका मेडिकेयर नंबर अगर आपके पास है। यदि आपके पास नहीं है तो बस इसे खाली छोड़ दें।

- सबसे ऊपर नीले बटन पर क्लिक करें जो कहता है, 'संग्रह केंद्र चुनें' और उस स्थान को देखें जहाँ आपने अपना COVID-19 की जाँच करवाई थी। NSW हेल्थ द्वारा संचालित केंद्रों के साथ-साथ ऐसे केंद्र भी हैं जो स्वतंत्र हैं। यदि आप कोई ऐसी जगह चुनते हैं जो NSW Health Pathology द्वारा संचालित नहीं है, तो यह वेबसाइट आपको अपने परिणाम के लिए क्लिनिक से संपर्क करने के तरीके के बारे में जानकारी देगी।
- अपना परिणाम देखने के लिए 'परिणाम देखें' पर क्लिक करें।
- आपको अपना पहला नाम और जन्मतिथि DDMMYYYY टाइप करने के लिए कहा जाएगा, उदाहरण के लिए, 01051971।
- आप अपने COVID परीक्षण परिणाम की एक प्रति प्राप्त करने और डाउनलोड करने में सक्षम होंगे।

**विकल्प 3: एक SMS प्राप्त करें**

यदि आप ऑनलाइन परिणाम पोर्टल नहीं देख सकते हैं**,** तो आप अपने मोबाइल फ़ोन पर SMS के माध्यम से अपना परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

- **'मेरा परिणाम'** शब्दों को 0480 050 030 पर टेक्स्ट करें
- संकेत दिए जाने पर**,** कृपया निम्नलिखित जानकारी SMS करें:
    - आपका अंतिम नाम।
    - केवल संख्याओं का उपयोग करके आपकी जन्मतिथि - DDMMYYYY। उदाहरण के लिए, 01012000
    - o यदि आप किसी बच्चे के लिए पंजीकरण कर रहे हैं, तो आपसे यह पुष्टि करने के लिए कहा जाएगा कि आप माता-पिता या अभिभावक हैं और बच्चे के लिए स्वास्थ्य देखभाल संबंधी निर्णय लेने में सक्षम हैं। पुष्टि करने के लिए हाँ(Yes) टेक्स्ट करें।
    - आपका लिंग पुरुष के लिए M, महिला के लिए F या अन्य के लिए O है।
    - आपका पोस्टकोड, (उदाहरण के लिए 2114)
    - जिस तिथि को आपने अपना COVID-19 परीक्षण DDMMYYYY के रूप में किया था, उदाहरण के लिए, 01052021
- अपने विवरण की जाँच करें और यदि वे सही हैं तो हाँ (Yes) शब्द टाइप करें। यदि आपने कोई गलती की है, तो फिर से शुरू करने के लिए नहीं (No) टाइप करें।
- जब आप समाप्त कर लेंगे तो आपको एक संदेश मिलेगा जिसमें लिखा होगा, **'आपका पंजीकरण प्राप्त हो गया है'।**
- आपको एक पासकोड भी मिलेगा जिसे आपको अपना परिणाम प्राप्त करने के लिए टाइप करना होगा।
- जब आपका परिणाम तैयार हो जाएगा तो आपको एक SMS संदेश मिलेगा जो आपको 'रेडी'(‘Ready)’ शब्द और अपना पासकोड टाइप करने के लिए कहेगा।
- इसके बाद परिणाम आपके फ़ोन पर आ जाएगा

**क्या आपको कुछ सहायता की ज़रूरत है**?

यदि आपको अपना परिणाम प्राप्त करने में समस्या हो रही है और 48 घंटे से अधिक समय हो गया है**,** तो आप हमारी वेबसाइट https://www.pathology.health.nsw.gov.au/covid-19-info/covid-19--results-direct के माध्यम से जाँच कर सकते हैं।

**यदि मेरे परीक्षा परिणाम से पता चलता है कि मुझे COVID-19 है तो क्या होगा**?

यदि आपके परीक्षण से पता चलता है कि आपको COVID-19 है, और आपने इनमें से किसी एक विकल्प के माध्यम से अपना परिणाम प्राप्त करने के लिए पंजीकरण किया है, तो आपको एक SMS मिलेगा जो आपको बताएगा कि आपका परिणाम रिज़ल्ट पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध है, साथ ही स्वयं-एकांतवास के बारे में अधिक जानकारी भी दी जाएगी।

आपकी स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य (Public Health) टीम के कर्मचारी भी आपको संपर्क करेंगे।

**गोपनीयता संग्रह सूचना**: NSW Health Pathology रोगियों को उनके **COVID-19** परीक्षण परिणामों के बारे में सूचित करने के उद्देश्य से जानकारी एकत्र करती है। इस जानकारी का उपयोग आमतौर पर NSW Health के भीतर किया जाएगा, हालांकि परिणामों की रोगी अधिसूचना के प्रयोजनों के लिए इसे Service NSW को भी दिया जा सकता है। व्यक्तियों को किसी सरकारी एजेंसी के पास उनके बारे में मौजूद जानकारी तक पहुँच का कानूनी अधिकार है। अधिक जानकारी के लिए www.pathology.health.nsw.gov.au/about-us/privacy पर जाएं। अनुरोध की जा रही जानकारी के सभी, या किसी भाग को प्रदान न करने वाले व्यक्तियों के संभावित परिणामों के परिणामस्वरूप NSWHP रोगियों को परीक्षण परिणाम प्रदान करने में शायद सक्षम न हो सके।

.